an>

Title : Issue regarding the security of Amarnath Yatris.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करने के लिए सदन में खड़ा हुआ हूं। अमरनाथ यात्रा बहुत पवित्र यात्रा है। यह हर साल होती है, यह दो महीने चलती है। जानबूझ कर, कुछ आतंकवादी हों या कुछ वैसे लोग यात्रा में बहुत बाधा डालते हैं। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : इस पर चर्चा करेंगे।

श्री चन्द्रकांत खैरे : उनका प्रयत्न रहता है कि यात्रा न हो। अभी भी जम्मू और श्रीनगर में वही हाल है। मेरी कोठी में और सारे माननीय सांसदों की कोठियों में अमरनाथ यात्री उनके क्षेत्र से आकर रिटर्न जा रहे हैं। उन्हें दर्शन नहीं हो रहा है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि जितने यात्रा बाधित करने वाले लोग हैं, उनका बंदोबस्त किया जाए। सारे श्रद्धालुओं की मदद की जाए ताकि उन्हें दर्शन हो जाए। अभी पवित्र शिवलिंग थोड़ा कम होते जा रहा है। यह हिन्दुओं की यात्रा होती है, देश भर से लोग आते हैं, उनकी सुरक्षा भी होनी चाहिए, यह मेरी मांग है। इस यात्रा में कभी बाधा नहीं आनी चाहिए, इसके लिए सरकार को कदम उठाना चाहिए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री चन्द्रकांत खैरे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

The House stands adjourned to meet again at 2.25 p.m.

13.24 hours

The Lok Sabha then adjourned till Twenty-Five Minutes

past Fourteen of the Clock.

14.29 hours

The Lok Sabha re-assembled at Twenty- Nine Minutes past

Fourteen of the Clock.

(Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)